Department of
Education

GOVERNMENT OF
WESTERN AUSTRALIA

वर्ष 11 और 12 के लिए विकल्प चुनना

माता-पिता और देखभाल करने वालों के लिए सूचना

छात्रों को विश्वविद्यालय के अध्ययन में रुचि हो सकती है, उनके मन में एक विशिष्ट कैरियर हो सकता है जिसमें आगे की शिक्षा और प्रशिक्षण शामिल होगा, या स्कूल छोड़ने के बाद कर्मचारी बनने का इरादा होगा। वर्ष 11 और 12 में छात्रों के लिए विकल्पों की एक विस्तृत श्रृंखला है जो विश्वविद्यालय, प्रशिक्षण और रोजगार के लिए कई रास्ते प्रदान करती है।

वर्ष 11 और 12 के छात्रों के लिए पाठ्यक्रम और कार्यक्रम के विकल्प।

Option	Description
ATAR **पाठ्यक्रम**	ऑस्ट्रेलियाई तृतीयक प्रवेश रैंक (ATAR) पाठ्यक्रमों में आमतौर पर शिक्षण केंद्रित होता है। एटीएआर हासिल करने के इच्छुक छात्रों को कम से कम 12 ATAR पाठ्यक्रम, जो की चार साल में पूरे होंगे। हालांकि आमतौर पर यह विश्वविद्यालय के अध्ययन तक पहुंचने के लिए किया जाता है, ATAR पाठ्यक्रम व्यावसायिक प्रशिक्षण सहित कई पोस्ट,स्कूल मार्गों लिए भी उत्कृष्ट तैयारी है।
सामान्य पाठ्यक्रम	ये पाठ्यक्रम मुख्य रूप से उन छात्रों के लिए हैं जो आमतौर पर आगे व्यावसायिक प्रशिक्षण में प्रवेश करने या स्कूल छोड़ने के बाद कर्मचारी बनने का लक्ष्य रखते हैं। सामान्य पाठ्यक्रमों में ATAR पाठ्यक्रमों की तरह बाहरी रूप से निर्धारित परीक्षा नहीं होती, लेकिन उन में वर्ष 12 के छात्र के लिए, स्कूल-आधारित मूल्यांकन का 15 प्रतिशत के समतुल्य, आवश्यक बाहरी कार्य होता है। छात्र कुछ विश्वविद्यालय पाठ्यक्रमों के वैकल्पिक प्रवेश मार्ग के हिस्से के रूप में कुछ सामान्य पाठ्यक्रमों का उपयोग करने में सक्षम हो सकते हैं।
फाउंडेशन पाठ्यक्रम	उन छात्रों के लिए डिज़ाइन किया गया है जिन्हें वर्ष 12 के अंत से पहले साक्षरता और/या संख्यात्मकता के लिए न्यूनतम मानकों को प्राप्त करने के लिए समर्थन की आवश्यकता है। कार्यात्मक साक्षरता और संख्यात्मक कौशल, व्यावहारिक कार्य संबंधित अनुभव और जीवन और कार्य के लिए महत्वपूर्ण व्यक्तिगत कौशल बनाने के अवसर पर फोकस यह पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं। फाउंडेशन पाठ्यक्रमों में परीक्षा नहीं होती है, उनके पास वर्ष 12 में एक अनिवार्य बाहरी रूप से निर्धारित कार्य है जो पाठ्यक्रम के लिए एक छात्र के स्कूल, आधारित मूल्यांकन का 15 प्रतिशत है

D23/1255630
June 2023

CC BY
Exclusions may apply

VET **योग्यता**	छात्र राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण (VET) योग्यता पूर्ण करते हैं। VET कार्यस्थल में और उसके लिए कौशल और ज्ञान का निर्माण करता है। छात्र वेस्टर्न ऑस्ट्रेलियन सर्टिफिकेट ऑफ एजुकेशन (WACE) की गणना करने के लिए VET योग्यता का उपयोग कर सकते हैं।.
अनुमोदित कार्यक्रम	समर्थित कार्यक्रम, WACE पाठ्यक्रमों या VET कार्यक्रमों में जो शामिल नहीं ऐसी गतिविधियों के माध्यम से सीखने की पेशकश करते हैं। अनुमोदित कार्यक्रम उन छात्रों के लिए हैं जो उन कार्यक्रमों में भाग लेना चाहते हैं जो स्कूलों, कार्यस्थलों, विश्वविद्यालयों और सामुदायिक संगठनों द्वारा विभिन्न सेटिंग्स में वितरित किए जाते हैं। अनुमोदित कार्यक्रमों को स्कूल के पाठ्यक्रम के हिस्से के रूप में या पाठ्येतर गतिविधियों के रूप में वितरित किया जा सकता है और छात्र WACE की गणना करने के लिए उनका उपयोग कर सकते हैं।.
प्रारंभिक पाठ्यक्रम	प्रारंभिक पाठ्यक्रम उन छात्रों के लिए डिज़ाइन किए गए हैं जिनकी पहचान सीखने में कठिनाई और.या बौद्धिक अक्षमता के रूप में की गई है। ये पाठ्यक्रम उन छात्रों के लिए विकल्प प्रदान करते हैं जो समायोजन और.या विकलांगता प्रावधानों के साथ ATAR, सामान्य या फाउंडेशन कोर्स सामग्री तक नहीं पहुंच सकते हैं।प्रारंभिक इकाइयाँ WACE की उपलब्धि में योगदान नहीं करती।.

CC BY
Exclusions may apply